हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

11 विद्यार्थियों को मूल्य आधारित शिक्षा दें शिक्षक



12 बरसात की वजह से जंडली पुल की सड़क धंसी



**भारी बारिश से नदियां उफान पर:** शाहबाद में 29778 क्यूसिक पानी दर्ज, प्रशासन अलर्ट

# खतरे के निशान तक पहुंचा मारकंडा नदी का पानी, कुरुक्षेत्र के 18 गांव प्रभावित

*जलभराव से कुरुक्षेत्र जिले के 18 गांव प्रभावित हुए हैं। इनमें शाहबाद के मोहनपुर, कठुआ, झांसा, मलिकपुर, गुमटी, दयाल नगर, बाजीगर कालोनी, मदनपुर, तंगौर, मुगलमाजरा, पिहोवा के गांव करहा, अधोया, गंगहेडी, दिवाना, अजमतपुर, खजानपुर, डबरा, नैसी और जलबेडा गांव शामिल हैं।*

### सीएम ने जलभराव से प्रभावित गांवों की फीडबैक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद

पहाड़ों और मैदानी इलाके में चल रही बरसात के कारण मारकंडा नदी में मंगलवार शाम तक 29778 क्यूसिक पानी की मात्रा दर्ज की गई है। मारकंडा नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। शाहबाद में मारकंडा नदी का डेंजर लेवल 256 मीटर है जबकि मारकंडा नदी में 256.10 मीटर पानी बह रहा है। वहीं मुलाना में 39 हजार और कलाअंब में 18 हजार क्यूसिक मात्रा दर्ज की गई है। जलभराव से कुरुक्षेत्र जिला के 18 गांव प्रभावित हुए है। इनमें शाहबाद के मोहनपुर, कठुआ, झांसा, मलिकपुर, गुमटी, दयाल नगर, बाजीगर कालोनी, मदनपुर, तंगौर, मुगलमाजरा, पिहोवा के गांव करहा, अधोया, गंगहेडी, दिवाना, अजमतपुर, खजानपुर, डबरा, नैसी और जलबेडा गांव शामिल है। जलभराव से शाहबाद का गांव कठुआ ज्यादा प्रभावित हुआ है। मारकंडा नदी का जल कठुआ गांव में जाने वाली सड़क पर दो-तीन फीट ऊपर घूम रहा है जिससे सड़क का बिल्कुल पता नहीं चलता। सीएम नायब सिंह सैनी ने जलभराव से प्रभावित गांवों की फीडबैक ली।



शाहबाद। गांव कठुआ के खेतों में बहता नदी का पानी।



यमुनानगर। गांव कमालपुर टापू के पास यमुना नदी के तेज बहाव से हुआ भूमि कटाव। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीण बोले-वर्षों से समस्या का करना पड़ रहा सामना

कुछ गांव वासी तो गांव से पलायन करके रिश्तेदारी में चले गए हैं और कुछ ट्रैक्टर ट्राली द्वारा गांव में आने-जाने को मजबूर हैं। वही बच्चों का स्कूल में जाना बंद हो गया है। गांववासियों का कहना है कि यह समस्या हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गई है। पिछले कितने वर्षों से यह समस्या का सामना पूरे गांव वासियों को करना पड़ता है लेकिन प्रशासन कुंभ करनी नींद सोया रहता है। चुनाव के दौरान हर दल का नेता सड़क पर खड़ा होकर समस्या से निजात दिलवाने की बात करके चला जाता है। उसके बाद 5 साल केवल आश्वासन के सहारे समय निकल जाता है। पिछले दिनों उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और शाहाबाद उप मंडल अधिकारी चिनार चहल ने गांव कठुआ टंगौर और कलसाना में पहुंचकर मारकंडा नदी के जलस्तर का जायजा लिया और आश्वासन दिया कि प्रशासन के द्वारा शीघ्र ही होने वाली समस्या का समाधान निकाला जाएगा। वही मारकंडा नदी के किनारे बसे मारकंडा बस्ती बाजीगर कॉलोनी में भी पानी भर गया है।

### जलभराव के कारण पशुओं के लिए हरे चारे की कमी

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी और भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने मारकंडा दरिया से प्रभावित गांवों का दौरा। इस दौरान जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी और सुभाष कलसाना ने ग्रामीणों को आश्वास्त किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निरंतर बाढ़ जैसी त्रासदी से प्रभावित इन गांवों की समीक्षा कर रहे हैं और गांव तंगौर, कठवा, कलसाना, मुगल माजरा, मलिकपुर, गुमटी, अरूपनगर, मदनपुर, मोहनपुर सहित कई गांवों के ग्रामीणों की आ रही समस्याओं का समाधान करने के निर्देश भी प्रशासन के लिए जारी किये गये हैं। दौरे के दौरान ग्रामीणों भूषण, सुमेर चंद, सुरेश कुमार, ज्ञान चंद ने सुभाष कलसाना को बताया कि गांव तंगौर और कठवा में पिछले एक माह से जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

## यमुना होने लगी शांत, मगर हथिनी कुंड बैराज पर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

बाढ़ के बाद यमुना नदी शांत होने लगी है मगर हथिनी कुंड बैराज पर पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। मगंलवार को दोपहर तीन बजे हथिनी कुंड बैराज पर 151313 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया। जो कि खतरें के निशान से करीब 51 हजार क्यूसेक ज्यादा है। सूत्रों की माने तो बैराज पर एक लाख पानी आने पर बाढ़ घोषित कर दी जाती है। उधर, देर शाम यमुना नदी का पानी आसपास के दर्जनों गांवों में घुस गया। इस दौरान करइं स्थानों पर भूमि कटाव भी हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरान कर हर सहायता मुहैया करवाने का आश्वासन दिया। पानी का जलस्तर कम होने से प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। सोमवार को हथिनी कुंड बैराज पर सीजन का सबसे अधिक 3,29,313 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया था। जिससे यमुना नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया था। मगर इसके बाद यमुना नदी का जलस्तर कम होता गया। दोपहर 12 बजे जल स्तर में ओर कमी आई। जिससे जलस्तर 1,54,958 क्यूसेक पर रह गया। दोपहर तीन बजे पानी घटकर 1,51,313 क्यूसेक दर्ज किया गया।

### गांवों में घुसा पानी भूमि कटाव भी हुआ

सोमवार को आई बाढ़ के बाद देर रात यमुना नदी के बाढ़ का पानी गांव लापरा, महमूदपुर और कैत मंडी गांवों में घुस गया। सड़कों पर तीन से चार फीट पानी बहने लगा। जिससे कई रास्ते बंद हो गए और आवागमन बाधित हो गया। खेतों में खड़ी फसलें जलमग्न हो गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। इसके साथ ही गांव कमालपुर टापू में बाढ़ से काफी भूमि कटाव हुआ।

## खबर संक्षेप

### तहसील परिसर से खैर के पेड़ काटकर किए चोरी

**यमुनानगर।** साढौरा तहसील परिसर से खैर के चार पेड़ काट कर चोरी कर लिए गए। पुलिस ने फील्ड कानूनगो की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में फील्ड कानूनगो यशबीर सिंह ने बताया कि साढौरा तहसील परिसर में खैर के पेड़ लगे हैं। जिनमें सात जुलाई की रात चार पेड़ काट कर किसी ने चोरी कर लिए। जब उसे इस बारे पता चला तो उसने पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### इग्नू ने दाखिलों की तिथि बढाई

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल बताया की इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन और ओडीएल माध्यम से दाखिले की अंतिम तिथि को 31 अगस्त से बढ़ाकर अब पंद्रह सितंबर कर दिया है। वहीं, इग्नू द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, और परंपरागत शिक्षा को सरल एवं सुलभ तरीके से प्राप्त कर सकते हैं।

### हनी ट्रैप के केस में महिला वकील की जमानत रद

**पानीपत।** अदालत ने हनी ट्रैप के केस में आरोपी महिला वकील की अग्रिम जमानत रद्द कर दी है। महिला वकील व इसके साथियों पर पानीपत स्वास्थ्य विभाग में तैनात सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर को हनी ट्रैप में फंसा कर नगदी मांगने के आरोप में केस दर्ज है।



### कुवि के दो छात्र राष्ट्रीय स्तर पर हुए सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के छात्र हर्ष कुमार और लोक प्रशासन विभाग के छात्र मीनाक्षी कांत को 29 अगस्त को राजस्थान के जयपुर में यूथ सोशल ग्रुप फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉ. अरुण चतुर्वेदी राज्यमंत्री, वित्त आयोग, राजस्थान सरकार और श्रीमती मंजू शर्मा सांसद, जयपुर) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल सोशल आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पुरस्कृत होने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लिफ्ट लेकर हाईकोर्ट के वकील से छीनी नकदी

**यमुनानगर।** व्यासपुर से पंचकूला घर लौट रहे हाईकोर्ट के वकील से कार में लिफ्ट लेकर एक युवक पांच हजार की नकदी भरा पर्स छीन कर फरार हो गया। घटना थाना व्यासपुर क्षेत्र के गांव टेही चट्टान के पास की है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### पुलिस ने बाइक चोर व खरीददार को किया काबू

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने एक बाइक चोर व चोरी की बाइक को खरीदने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की 11 बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने नाकाबंदी के दौरान आरोपी धीरज को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया था।

**श्रीकृष्ण आयुष विवि में जागरुकता कार्यक्रम में स्नेकमैन ने दी जानकारी**

## देश में सांप काटने से हर साल 58 हजार मौतें चिंता का विषय: सतीश फफड़ाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ह्यस्नैकमैन ऑफ हरियाणाद्ध के नाम से प्रसिद्ध सतीश फफड़ाना ने कहा कि देश में हर साल लगभग 58 हजार लोगों की मौत सांप के काटने से हो जाती है, जबकि समय पर इलाज मिलने से इन मौतों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव और झाड़-फूंक पर भरोसा करने के कारण स्थिति बिगड़ती है। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर व आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने सतीश फफड़ाना व उनकी टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर स्नेक मैन सतीश फफड़ाना ने



बताया कि भारत में 272 प्रजाति के सांप पाए जाते हैं, जिनमें से अधिकतर जहरीले नहीं होते। उन्होंने कहा कि अगर हजार लोगों को सांप काटता है तो लगभग 800 लोगों को गैर-जहरीले सांप काटते हैं, 150 लोगों को सामान्य जहरीला सांप और करीब 40 लोगों को कोबरा, जो जानलेवा साबित होता है। उन्होंने कहा कि कई बार जहरीला सांप भी काटते समय जहर नहीं छोड़ता या बहुत कम मात्रा में छोड़ता है। ऐसे में लोग झाड़-फूंक से ठीक होने का भ्रम पाल लेते हैं, लेकिन यदि वास्तव में जहर शरीर में पहुंच जाए और समय पर अस्पताल न ले जाया जाए तो जान बचाना मुश्किल हो जाता है।

### काम पर जा रहे युवक की पीट-पीटकर हत्या

**पानीपत।** पानीपत के गांव परढाना स्थित प्राइवेट फैक्ट्री में काम करने जा रहे 35 वर्षीय अनिल निवासी गांव कारद जिला पानीपत को बदमाशों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल अनिल को परिजनों ने एनसी मेडिकल कॉलेज गांव इसराना में भर्ती कराया गया। यहां मतलौडा थाना पुलिस ने अनिल के बयान लेने की कोशिश की। वहीं गंभीर चोट लगी होने के चलते अनिल पुलिस को बयान नहीं दे पाया। इधर, अनिल की हालत और बिगड़ने के चलते उसे चिकित्सकों ने पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। परिजन ने अनिल को पीजीआई रोहतक में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी ओर, अनिल की मौत की सूचना पीजीआई प्रशासन से मिलने के बाद थाना मतलौडा पुलिस वहां पहुंची और पोस्टमार्टम के बाद अनिल का शव परिजनों को सौंप दिया।

**पुलिस ने दंपत्ति समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ किया केस**

## कंपनी में निवेश का लालच देकर युवक व उसके रिश्तेदारों से हड़पे एक करोड़ 12 लाख रुपये

■ बीटेक्सट्रीम यूके की एक बड़ी कंपनी है, जिसका कारोबार करोड़ों में हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कंपनी में निवेश करवा अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर जगाधरी के गांधी मार्ग निवासी सौरभ शर्मा व उसके रिश्तेदारों से एक करोड़ 12 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप जय सिटी जगाधरी निवासी लुवेश कुमार, उसकी पत्नी दीपिका, गांधी नगर पूर्वी दिल्ली निवासी दीपक ठाकूर, नई पूर्वी दिल्ली निवासी संजय कुमार, गगन कौर व राजीव पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी के गांधी मार्ग निवासी सौरभ शर्मा ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लुवेश कुमार व उसकी पत्नी दीपिका ने उसके घर के सामने शेयर ट्रेडिंग की दुकान की हुई थी। जिस कारण व दोनों आरोपियों को जानता था। आरोपियों ने उसे बताया कि बीटेक्सट्रीम यूके की एक बड़ी कंपनी है। जिसका कारोबार करोड़ों में हैं। दीपक ठाकूर व संजय वर्मा भारत में कंपनी का सारा काम देखते हैं। उसने तथा उसकी पत्नी दीपिका ने भी कंपनी में हिस्सेदारी बनाई हुई है। कंपनी में पैसे निवेश करने पर आठ प्रतिशत मुनाफा प्रतिमाह मिलता है। इसके साथ की निवेश की गई रकम को जब चाहे निकाल सकते हैं। इस दौरान आरोपियों ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके 2022 में कंपनी में 80 हजार रुपये निवेश किए। इसके बाद आरोपियों ने अपना विश्वास बढ़ाने के लिए उसे प्रति माह मुनाफा दिया। इसके बाद आरोपी लुवेश व दीपिका ने उसे दीपक, संजय, गगन कौर व राजीव से मिलवाया। आरोपियों ने उसे कहा कि कंपनी अपने कस्टमरों को पैसे निवेश करने पर अब अधिक मुनाफा देगी। इसलिए अगर उसके जानकार कंपनी में पैसे निवेश करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। उसने आरोपियों पर विश्वास करके अपने तथा अपने रिश्तेदारों के करीब एक करोड़ 12 लाख रुपये कंपनी में निवेश करवा दिए। मगर इसके बाद आरोपियों ने उसे मुनाफा देना बंद कर दिया। बाद में आरोपियों ने अपना कार्यालय वहां से बंद कर दिया और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।

**कार्यक्रम** रत्नावली समारोह युवा कलाकारों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा : चावला

## कुवि का सांस्कृतिक महाकुंभ रत्नावली 28 अक्टूबर से 32 हरियाणवी विधाओं में हजारों कलाकार मचाएंगे धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से हरियाणा के कलाकारों का महाकुंभ रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय उत्सव का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर तक किया जाएगा जिसमें 32 हरियाणवी विधाओं में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थानों के हजारों कलाकार भाग लेंगे। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला बताया कि रत्नावली समारोह हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे विश्व में अपनी पहचान रखता है। रत्नावली के



माध्यम से हरियाणा की अनेक विधाओं को जन्म मिला है। रत्नावली पूरे हरियाणा के कलाकारों को मंच तो प्रदान करता ही है इसके साथ-साथ उनमें प्रतियोगिता की भावना को भी जन्म देता है।

### हरियाणवी खान-पान का लगेगा तड़का

प्रो. विवेक चावला बताया कि रत्नावली समारोह इस वर्ष भी युवा कलाकारों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। रत्नावली युवा छात्रों के लिए एक ऐसी कार्यशाला है जिसके माध्यम से अब तक हजारों युवाओं को मंच प्रदान किया जा चुका है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस वर्ष भी रत्नावली समारोह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मनाया जायेगा। इस रत्नावली उत्सव में जहां एक ओर हरियाणवी खान-पान का तड़का लगेगा वहीं पर दूसरी ओर हरियाणा की हस्तकला के अलग-अलग स्वरूप देखने को मिलेंगे।

### 32 प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस वर्ष 32 हरियाणवी विधाओं में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/ कॉलेज/संस्थानों के हजारों कलाकार भाग लेंगे जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता, हरियाणवी चुटकले प्रतियोगिता, हरियाणवी स्किट, हरियाणवी लोकगीत, हरियाणवी भजन, रागिनी, हरियाणवी आर्केस्ट्रा, हरियाणवी फोक इंस्ट्ररूमेंट, हरियाणवी वन एक्ट प्ले प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी इसके साथ ही प्रतिभागी आन द स्पाट पेंटिंग, पेंटिंग प्रदर्शनी, हरियाणवी फोक कास्टयूम, हरियाणवी सोलो डांस, हरियाणवी ग्रुप डांस, ग्रुप सांग, हरियाणवी कविता, हरियाणवी पाप सांग, चौपाल, आभूषण कला प्रदर्शनी, रसिया ग्रुप डांस, हरियाणवी क्विज, शार्ट फिल्म प्रतियोगिता, हरियाणवी पगडी बंधाओं प्रतियोगिताओं, हरियाणवी रीति-रिवाज प्रतियोगिता, ड्यूट रागिनी, फॉक हेंडीक्राफ्ट, बोहिया फुलझडी, पिह्वा, बंदरवाल व इंडी बनाओं प्रतियोगिताओं, लूर हरियाणवी ग्रुप डांस, हरियाणवी फैशन शो का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक प्रतिभागी भाग ले सकें व महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर हो इसके लिए युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग को घर से भगाने व दुष्कर्म करने के आरोपी बलविन्द्र सिंह उर्फ बग्गा वासी कैथल को 20 साल कठोर कारावास व 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 19 जनवरी 2023 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना इस्माईलाबाद एरिया वासी एक व्यक्ति ने बताया कि जिला कैथल वासी उसके रिश्तेदार की नाबालिग लडकी उसके घर पर आई हुई थी। 16 जनवरी 2023 को रात का खाना खाकर सभी सो गये थे। अगली सुबह नाबालिग लडकी घर पर नहीं मिली। शिकायत पर थाना इस्माईलाबाद में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था।

### दो नशा तस्करों को 15-15 साल की कैद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायधीश स्पेशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी शमशेर सिंह उर्फ शेरा वासी रसुला जिला रामपुर यूपी व मलकीत सिंह वासी आलमपुर जिला पटियाला पंजाब को 15/15 साल कारावास व 1/1 लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 27 फरवरी 2020 को एसटीएफ अम्बाला सैल के उप निरीक्षक दिनेश कुमार की टीम नई सब्जी मंडी पेहवा के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नई सब्जी मंडी पेहवा कुरुक्षेत्र रोड पर नाकबंदी करके शमशेर सिंह उर्फ शेरा वासी रसुला जिला रामपुर यूपी व मलकीत सिंह वासी आलमपुर जिला पटियाला पंजाब को कार नंबर पीबी-11जेड-7393 सहित काबू किया था।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता बनाए रखने के बारे में किया जागरूक

**घरौंडा।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत नगर पालिका घरौंडा ने एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जो पूरे शहर में 7 नवम्बर तक चलाया जाएगा। स्वच्छता टीम द्वारा मंगलवार को घरौंडा कलस्टर की आशा वर्करों की स्वच्छता अभियान के विषय पर मीटिंग ली गई।जिसमें मुख्य रूप से लाइब्रेरियन संदीप लोहट, मोटिवेटर रेनू भूषण, सफाई निरिक्षक राहुल बिगनिया, ब्लॉक कॉर्डिनेटर अभिषेक चौहान मौजूद रहे।

### महिला महाविद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर

**असंध/करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नई दिशा-नई उड़ान अभियान के तहत जीवन चानन महिला महाविद्यालय, असंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने किया। इस मौके पर प्राचार्या व स्टाफ ने उनका स्वागत किया। डॉ. हसन ने छात्राओं को कार्यस्थल पर यौन शोषण रोकथाम अधिनियम, आंतरिक व स्थायी कमेटियों और पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके उपरांत वे सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी, असंध पहुंचीं।

## यमुना के ऊफान से बाढ़ का खतरा, हजारों एकड़ फसल जलमग्न

# बलहेड़ा के पास मजदूर की डूबने से मौत, प्रशासन अलर्ट

**लगातार हो रही बरसात और हथिनी कुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना पूरी तरह से उफान पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। घरौंडा


घरौंडा। मुस्तकीम की तलाश करते परिजन व ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*


घरौंडा। मुस्तकीम की तलाश में जुटे नाविक। *फोटो: हरिभूमि*


इंद्री में यमुना से लगे खेतों में घुसा बाढ़ का पानी।

लगातार हो रही बरसात और हथिनी कुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना नदी पूरी तरह से उफान पर है। इससे घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के यमुना किनारे बसे गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए हालात पर पूरी निगरानी बढ़ा दी है।

### सुबह ब्लहेड़ा-मुंडोगढ़ी मार्ग पर दरार

वीरवार तड़के करीब 5 बजे गांव ब्लहेड़ा व मुंडोगढ़ी मार्ग पर बनी पटरी में अचानक दरार पड़ गई। इसके चलते यमुना का पानी खेतों में घुसने लगा। जैसे ही ग्रामीणों को जानकारी मिली, मौके पर अफरातफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर पानी रोकने में जुट गए।

सूचना मिलते ही एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी व डीएसपी मनोज कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मिट्टी के कट्टे डलवाकर तुरंत मरम्मत का कार्य शुरू करवाया। गनीमत रही कि खेतों की ओर पानी का बहाव धीमा था, जिसके चलते दरार को कुछ ही समय में बंद कर लिया गया।

गांवों तक पहुंचा खतरा, लोग रातभर चौकसी पर यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ने से गांव बलहेड़ा, सदरपुर, पीर बडोली, लालूपुरा और मुंडोगढ़ी के तटबंधों तक पानी पहुंच गया है। प्रशासन रात-दिन निगरानी कर रहा है और ग्रामीण भी बड़ी संख्या में तटबंधों के पास चौकसी पर डटे हुए हैं प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, हथिनी कुंड बैराज से बुधवार सुबह लगभग 3.25 लाख क्यूसिक पानी छोड़ा गया था। उसके बाद फिलहाल नया पानी छोड़े जाने की सूचना नहीं है, जिस कारण जलस्तर में ठहराव है। इसके बावजूद खेतों में कटाव जारी है, जिससे ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है।

### यमुना से दूर रहें ग्रामीण: प्रशासन

एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे यमुना नदी के आसपास न जाएं और न ही इसे पार करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि पानी का बहाव बेहद तेज है, ऐसे में कोई भी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### यमुना में बहकर मजदूर की मौत

बुधवार देर शाम गांव बलहेड़ा के पास यमुना पार करते समय जिला सहारनपुर के गांव दबकोरा निवासी मुस्तकीम (30) की डूबकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चार युवक गन्ने के खेतों में काम करने के बाद नदी पार कर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज बहाव में मुस्तकीम बह गया। साथियों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज धारा के आगे असफल रहे। ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, परंतु युवक नहीं मिला। सूचना पर प्रशासन व पुलिस मौके पर पहुंचे और नाव मंगवाकर युवक को खोजने का प्रयास का प्रयास जारी है। लेकिन करीब 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मजदूर युवक का कोई अता पता नहीं चल पाया था।

### हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न

लगातार पानी छोड़े जाने से यमुना के आसपास के गांवों की हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। गांवों में खड़ी फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। किसानों को डर है कि अगर पानी ने तटबंध काट दिया तो यमुना का रुख गांवों की ओर हो जाएगा, जिससे भारी तबाही तय है।

### यमुना के साथ लगते खेतों मे घुसा बाढ़ का पानी

इंद्री। यमुना नदी में हथिनी कुंड बैराज से सोमवार सुबह छोडा गया करीब 3 लाख 29 हजार क्यूसिक पानी लगातार घटता आ रहा है। मंगलवार दोपहर बाद यमुना नदी मे यह पानी घटकर करीब 1 लाख 51 हजार क्यूसिक पानी रह गया। जिसके बाद प्रशासन व क्षेत्र के यमुना नदी से सटे दर्जनों गांव के लोगों ने राहत महसूस की। हालांकि सोमवार रात को यमुना के साथ लगते खेतो मे यमुना का पानी घुस गया था जिससे किसानों के खेतों मे खड़ी फसल खराब हो गई और गांव कलसौरा से जप्पती छपरा, डेरा हलवाना, सैयद छपरा व नबीयाबाद तक जाने वाले रास्तों पर बाढ़ का पानी भर गया था। जोकि लगातार कम हो रहा है। भकियू नेता राहुल कलसौरा, संतलाल, रिषीपाल सुरेश, नरेश आदि का कहना है कि सोमवार को यमुना में 3 लाख 29 हजार क्यूसिक पानी छोड़े जाने से ग्रामीण डरे हुए थे लेकिन गनीमत रही कि यमुना नदी से ज्यादा पानी बाहर नहीं निकल सका। उन्होने बताया कि उनके खेत यमुना नदी के नजदीक पडते है और जब भी बाढ़ आती है तो उनकी फसलों का बहुत नुकसान होता है। किसानों ने बताया कि उनकी फसलें डूब चुकी है। एसडीएम अशोक मुंजाल ने मंगलवार को गांव कलसौरा व नबियाबाद के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों का दौरा कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर भी जल भराव होता है वहां पर तुरन्त पानी निकासी के लिए कार्य करें। एसडीएम ने कहा कि जलभराव की स्थिति पर पूरी नजर है।



### एंथे टेलेंट एग्जाम से तैयार होगी भावी वैज्ञानिकों की पीढ़ी

**करनाल।** बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने और समाज को भविष्य के वैज्ञानिकों, डॉक्टरों और इंजीनियरों की पीढ़ी सौंपने की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत हुई है। यह पहल न केवल विद्यार्थियों को पढ़ाई में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करेगी बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की कठिन राह में एडवांस तैयारी और आत्मविश्वास भी प्रदान करेगी। करनाल में मंगलवार को हुई प्रेस वार्ता में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा आकाश नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा (एंथे) 2025 का ऐलान किया है। वार्ता के दौरान एईएसएल के मुख्य शैक्षणिक एवं व्यवसाय प्रमुख डॉ. सुरेंद्र चौहान ने बताया कि परीक्षा के माध्यम से कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों को 250 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति (100 प्रतिशत तक) और 2.5 करोड़ रुपये तक के नकद पुरस्कार देने की योजना है। यह परीक्षा विद्यार्थियों को नीट, जेईई, राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं, एनटीएसई और ओलंपियाड जैसे कठिन इम्तिहानों की तैयारी के लिए मजबूत आधार देती है। इस वर्ष एंथे के साथ ही इन्विक्टस ऐस टेस्ट भी लॉन्च किया गया है। यह राष्ट्रीय स्तर की पात्रता व छात्रवृत्ति परीक्षा होगी, जिसके माध्यम से कक्षा 8 से 12 तक के छात्र आकाश इन्विक्टस जेईई एडवांस्ड कार्यक्रम में प्रवेश पा सकेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति औंर विशेष नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# नगर निगम ने दुकानों का किराया जमा न करवाने पर 7 किराएदारों पर की कार्रवाई, एक दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

नगर निगम करनाल ने दुकानों का किराया न चुकाने वाले किराएदारों पर सख्ती दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की। निगम के प्रवर्तन दल ने मंगलवार को हरदेव सिंह मार्केट, बांसो गेट और ज्ञान भूषण मार्केट क्षेत्र की 7 दुकानों पर कार्रवाई की। इसमें हरदेव सिंह मार्केट की दुकान नम्बर 19 को बकाया राशि जमा न करने पर सील कर निगम ने अपने कब्जे में ले लिया। इस किराएदार पर 1 लाख 82 हजार 346 रुपये का बकाया था।

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 दुकानों पर कुल 31 लाख 58 हजार 291 रुपये बकाया चला आ रहा था। बार-बार नोटिस देने और व्यक्तिगत रूप से समझाने के बावजूद किराएदारों ने राशि जमा नहीं करवाई। उन्होंने बताया कि जैसे ही प्रवर्तन दल सीलिंग कार्रवाई के लिए मौके पर पहुँचा, किराएदारों में हड़कंप मच गया। हरदेव सिंह मार्केट की दुकान नम्बर 14, 20 व 21, बांसो गेट की दुकान नम्बर 6 व 8 और ज्ञान भूषण मार्केट की दुकान नम्बर 1 के किराएदारों ने मौके पर ही कुल 22 लाख 95 हजार 891 रुपये जमा कर दिए और अपनी दुकानें सील होने से बचा लीं।

इसी दौरान, सीलिंग की कार्रवाई से बचने के लिए बांसो गेट की दुकान नम्बर 6 व 24 के किराएदारों ने भी 5 लाख 31 हजार 223 रुपये की बकाया राशि अदा की। इस प्रकार, कुल 28 लाख 27 हजार 114 रुपये की वसूली मौके पर ही की गई।


करनाल। कार्रवाई के बाद दुकान पर सील लगाते नगर निगम के कर्मचारी।

### दुकानदारों को चेतावनी

डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि सीलिंग की कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करने के लिए कार्यकारी अभियंता ओ.पी. करदम को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। मौके पर सहायक राम सिंह, निगम की टीम और पुलिस बल मौजूद रहा। आयुक्त ने सभी किराएदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह समय रहते अपना किराया नगर निगम के कोष में जमा करा दें, अन्यथा दुकानों को सील कर कब्जे में ले लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी।

## न्यूज डायरी



### राष्ट्रीय ताइक्वांडो में आरवी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**करनाल।** उड़ीसा के कटक में आयोजित राष्ट्रीय सब-जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में आरवी मदान, करनाल की बेटी, ने 38 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। आरवी ने दिल्ली और उत्तराखंड की खिलाड़ियों को हराकर सेमीफाइनल तक पहुँच बनाई, हालांकि राजस्थान की खिलाड़ी से करीबी मुकाबले में हार गईं। उनकी इस उपलब्धि पर करनाल लौटने पर एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया और स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया।इस अवसर पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा, एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा समेत अनेक खिलाड़ी, कोच और अभिभांवक मौजूद रहे।



### 17 को जंतर मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान

करनाल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक नीलोखेड़ी की बैठक गोल मार्केट पार्क में खंड उपप्रधान रामकिशन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव बाबूराम ने किया। इस अवसर पर जिला संगठन सचिव सुरेंद्र पाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, जिला प्रधान मास्टर बलराज सिंह, जय सिंह और मुल्खराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला प्रधान बलराज सिंह ने बताया कि 29 अगस्त को रोहतक में हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 17 सितंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना-प्रदर्शन होगा। इसमें देशभर के सभी विभागों, बोर्ड, निगम और मान्यता प्राप्त संस्थाओं के रिटायर्ड कर्मचारी भाग लेंगे। बैठक में पेंशन वित्त विधेयक 2025 को वापस लेने, कम्यूट की गई राशि को 11 वर्ष तक सीमित करने, कोरोना काल के 18 माह का रोका गया महंगाई भत्ता ब्याज सहित देने, वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा रियायत बहाल करने और मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को समाप्त करने जैसी मांगों पर जोर दिया गया। बैठक में ओम प्रकाश, रामकुमार वर्मा, दयाल राणा, मुख्तियार सिंह, सूबे सिंह, देशराज, लेखराज, सोमनाथ, रतन चंद, वेद प्रकाश, जग्गु राम, नन्हा राम, रणबीर सिंह, रत्न लाल, सतपांल और बीर सिंह समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सफल आयोजन

**तरावड़ी।** श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से तरावड़ी के रेलवे रोड स्थित नत्था सिंह नगर में नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर में पिछले पांच दिन से चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सोमवार को सम्पन्न हुआ। और कार्यक्रम को लेकर शहर श्याम भक्ति रस मे डूबा रहा। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के चैयरमेन प्रमोद बंसल व विनीत बंसल ने सभी का तहदिल से धन्यवाद करते हुये कहा कि हमारे आराध्य श्री श्याम बाबा के भव्य मंदिर का निर्माण और हाल ही में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह आप सभी के सहयोग और समर्पण के बिना संभव नहीं था। यह हमारा सौभाग्य है कि आप सभी ने इस पवित्र कार्य में अपना समय, श्रम और सहयोग देकर हमें अनुगृहीत किया। इस मंदिर का हर एक पत्थर, हर एक ईंट आप सभी की भक्ति और विश्वास की कहानी कहता है। विशेष रूप से हम उन सभी कार्यकारिणी सदस्यों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने दिन-रात मेहनत करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया। आपकी निस्वार्थ सेवा और लगन ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति थी। यह मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि हम सभी श्याम प्रेमियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी श्याम बाबा की कृपा और आपका सहयोग हम पर सदैव बना रहेगा।

### एनएसएस के सोशल अवेयरनेस कैंपेन में गूंजे संदेश

करनाल पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल की एनएसएस इकाइयों ने सोशल अवेयरनेस कैंपेन आयोजित किया। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारियों राजेश रंगा तथा डॉ. करमजीत कौर के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में सामाजिक चेतना का सशक्त संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता डॉ. सरिता आर्य ने बाल विवाह को रोकने और लैंगिक समानता अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह शिक्षा और मानवता पर गहरी चोट है। पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल की एनएसएस इकाइयों ने सोशल अवेयरनेस कैंपेन आयोजित किया। प्राचार्या डॉ. त्यागी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समाज में बदलाव लाना होना चाहिए। एनएसएस स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे गाँव-गाँव और गली-गली जाकर स्वच्छता, समानता और प्लास्टिक मुक्त जीवन का संदेश फैलाएँगे।

### अमेरिका के टैरिफ पर जताई आपत्ति

**करनाल।** यूरेशिया एफ्रो चैंबर ऑफ कॉमर्स के वैश्विक अध्यक्ष डॉ. रोहित गुप्ता ने अमेरिका द्वारा भारत से आने वाले सामानों पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को अनुचित बताते हुए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) सचिवालय को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह टैरिफ डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन है और इससे दवाइयों, कृषि और वस्त्र उद्योग की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो रही है। ऐसे कदमों से वैश्विक व्यापार व्यवस्था, निवेशकों का भरोसा और आर्थिक स्थिरता कमजोर होती है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि अमेरिका का यह कदम संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के भी विपरीत है।


इंद्री मे गणपति प्रतिमा की शोभायात्रा निकालते जय श्री गणेश महोत्सव मंडल इंद्री के सदस्य व कस्बा वासी। *फोटो: हरिभूमि*

### गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी आना की गूंज

**इंद्री।** कस्बे मे मंगलवार को जय श्री गणेश महोत्सव मंडल इंद्री की ओर से 16वां गणपति विसर्जन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या मे श्रद्धालु नाच गाकर गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे लगा रहे थे। गणपति प्रतिमा की शोभायात्रा कस्बे के बाजारों से होती हुई पश्चिमी यमुना नहर के इंद्री स्थित पुल के समीप पहुची। जहां पर श्री गणेश प्रतिमा का पश्चिमी यमुना नहर में विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में गणपति विसर्जन पर आचार्य रामलाल ने पूजा अर्चना करवाई। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री भीमसेन मैहता ने शिरकत की। इसके बाद श्री गणेश प्रतिमा का पश्चिमी यमुना नहर में विसर्जन किया गया। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में शहर के पुरूषो, महिलाओं व बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# खाटू श्याम मंदिर में संकीर्तन महोत्सव ने पूरे शहर को श्याममय बनाया, झूमे भक्त

- भजन सम्राट कन्हैया मित्तल ने एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम प्रेमियों को भाव-विभोर कर दिया

तरावड़ी 2 सितंबर (राजकुमार खुराना) श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट तरावड़ी की ओर से रेलवे स्टेशन के पास नत्था सिंह नंगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में आयोजित संकीर्तन महोत्सव ने तरावड़ी शहर को भक्ति में सराबोर कर दिया। भव्य पंडाल में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा और देर रात तक तालियों की गडग़ड़ाहट, झूमते-नाचते भक्तों और जय श्री श्याम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। भजन सम्राट कन्हैया मित्तल और सुप्रसिद्ध भजन गायिका साक्षी अग्रवाल ने एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम प्रेमियों को भाव-विभोर कर दिया। कहैन्या मित्तल ने रिंगस के मोड़ लेने आ जाना, बजंरगबली की शक्ति का, हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा के भजन गाये तो मंच से भक्ति सुर गूंजे, महिलाएं और युवा भक्त झूम उठे। भजनों पर नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने ऐसा माहौल बना दिया मानो खाटू नगरी स्वयं तरावड़ी आ गई।


तरावड़ी। श्री खाटू श्याम महोत्सव में श्याम लखदातार परिवार के प्रधान व सदस्य।

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए आगे आया इंटरनेशनल सिख फोरम

# बाबा सुखा सिंह के मार्गदर्शन में अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

पंजाब में आई भीषण बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हजारों परिवार बेघर हो चुके हैं और लाखों एकड़ फसल पूरी तरह तबाह हो गई है। इस संकट की घड़ी में करनाल से इंसानी हमदर्दी का बड़ा कदम उठाया गया है।

इंटरनेशनल सिख फोरम और एक ओंकार मीडिया ने बाबा सुखा सिंह जी के मार्गदर्शन में डेरा कर सेवा पर राहत संग्रह केंद्र की स्थापना की है। इस मुहिम में ग्लोबल सिख्स चैरिटी सहित कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों का सहयोग मिल रहा है।

इस अवसर पर बाबा सुखा सिंह जी ने संगत और समाज से अपील की कि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि फिलहाल जरूरत चावल, दाल, पानी, तिरपाल और दवाइयों जैसी वस्तुओं की है, लेकिन आने वाले दिनों में किसानों को अपनी तबाह हुई खेती को खड़ा करने के लिए बीज, खाद, डीएपी, डीज़ल और अन्य कृषि सामग्री की सख्त आवश्यकता होगी। इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव और एक ओंकार मीडिया के निदेशक प्रितपाल सिंह पन्नू ने कहा कि यह बाढ़ पिछले 40 वर्षों में सबसे भयावह है। उनके अनुसार अब तक 4 लाख एकड़ फसल बर्बाद, 1500 गांव जलमग्न और 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। हजारों परिवार घर-बार छोड़कर राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं और कई हजार दूध देने वाले पशु या तो मर चुके हैं या बहकर पाकिस्तान तक पहुंच गए हैं। सामुदायिक सहभागिता राहत केंद्र का संचालन ग्लोबल सिख्स चैरिटी (करनाल) के हरमन सिंह और उनकी टीम को सौंपा गया है। समाजसेवी प्रवेश गाबा (विर्क अस्पताल) ने मेडिकल किट उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। पूर्व सरपंच व फोरम पदाधिकारी सतिंदर सिंह चट्ठा ने ओआरएस पैकेट दान किए और आगे भी सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर गुरसेवक सिंह (डेरा कर सेवा), पंजाब सिंह नंसिंग (जिला अध्यक्ष, इंटरनेशनल सिख फोरम), कुलवंत सिंह कालेर (पूर्व अध्यक्ष, रामगढ़िया बिरादरी) और निफ़ा से मनिंदर सिंह बब्बू व शमशेर सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।



### पंजाब ने हमेशा मदद की, अब हमारी जिम्मेदारी

प्रितपाल सिंह पन्नू ने कहा कि पंजाब ने हमेशा देश व दुनिया में संकट के समय मदद का हाथ बढ़ाया है, लेकिन आज पंजाब खुद संकट में है और राष्ट्र की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने 5 करोड़ रुपये की सहायता घोषित की है, लेकिन अन्य राज्यों और केंद्र सरकार की ओर से अब तक कोई मदद नहीं आई। "यह हम सबका नैतिक कर्तव्य है कि हम पंजाब की इस घड़ी में सहयोग करें।

### जरूरी राहत सामग्री की अपील

राहत सामग्री के रूप में खासतौर पर इन वस्तुओं की अपील की गई है। जिसमें चावल, दाल, पैकेज्ड पीने का पानी तिरपाल, गद्दे, चादरें, मच्छरदानी ओडोमॉस, ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटरी पैड, ओआरएस पैकेट और सामान्य दवाइयाँ (बुखार, दर्द, दस्त आदि के लिए) संग्रहित सामग्री को अगले चार-पांच दिनों में विशेष टीमें गाँव-गाँव जाकर पीड़ित परिवारों तक पहुँचाएँगी।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

**इंद्री।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत खंड शिक्षा कार्यालय इंद्री के सभागार में प्रिंट रिच कक्षा कक्ष एवं आओ स्कूल चलें परियोजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को सम्मानित किया गया। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढ़ाण ने अध्यापकों, मेंटर व प्रधानाचार्यों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीआरपी धर्मेन्द्र चौधरी ने निपुण कार्यक्रम की जुलाई माह की विस्तार से रिपोर्ट रखी और एक-एक बिंदु पर चर्चा की। प्रिंट रिच कक्षा कक्ष प्रतियोगिता में पहले दस स्थानों पर आए अध्यापकों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला मनोहरपुर के शिक्षक अश्वनी भाटिया ने पहला, शेखपुरा खालसा के प्राथमिक शिक्षक राजेश कुमार ने दूसरा, और गोरगढ़ पाठशाला के प्राथमिक शिक्षक संजीत कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### नई राह ने वृक्षारोपण महाअभियान चलाया

**पानीपत।** शिवाजी स्टेडियम में नई राह ने वृक्षारोपण महाअभियान का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 20 के पार्षद तरुण गांधी एवं जिला खेल अधिकारी डीएस हुड्डा रहे। कार्यक्रम के संयोजक संदीप जिंदल एडवोकेट, नई राह की ओर से डॉ.हेमा रमन ने बताया कि पर्यावरण को बढावा देने को 27 नैनो जंगल तैयार किए जा चुके हैं और 28 नए नैनों जंगलों का शुभारंभ किया गया। मौके पर दीपक सलूजा, रचित जग्गा, दिवाकर मेहता, एवं मा.मुकेश मास्टर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### गीता कॉलोनी में किसान सभा ने बैठक की

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक क्रांतिकारी शिव वर्मा स्मारक भवन गीता कॉलोनी में हुई। किसान सभा के जिला प्रधान डॉ सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल गाहल्याण, संयुक्त किसान मोर्चा के सहसंयोजक सुनील दत्त आदि ने भाग लिया और केंद्र व प्रदेश सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया।

### खाद विक्रेताओं को ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग उप निदेशक डॉ.आत्मा राम गोदारा और एसडीओ देवेंद्र कुहाड़ के मार्ग दर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा खाद एवं कीटनाशक विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

### बलाना से विवाहिता लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव बलाना से 26 वर्षीय विवाहिता अपनी सुसराल से लापता हो गई। इधर, परिजनों ने विवाहिता की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, पति की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने विवाहिता की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### समालखाः सड़क में गड्ढों से जनता परेशान

**समालखा।** समालखा में गांव मनाना से मंडी तक पहुंचने का रास्ता बेहद खराब स्थिति में है। मनाना से गांव किवाना होते हुए समालखा तक का दस किलोमीटर का रास्ता गड्ढों से भरा हुआ है। इस रास्ते पर पैदल चलना मुश्किल है।

### आईबी कॉलेज में छात्रों को एल्बेंडाजोल खिलाई

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 26 अगस्त से दो सितंबर तक मनाया गया। प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने बताया कि कॉलेज में 900 विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई।

### भाजीबीनि स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** जीटी रोड बस स्टैंड के पास स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुनील कुमार गुप्ता, सहायक शाखा प्रबंधक मयंक गुप्ता व रविंद्र कुमार व सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विकास अधिकारियों, बीमा सखियों व अभिकर्ता मनोहर लाल अरोडा की उपस्थिति में एलआईसी का 59वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया।

## पानीपत जिले की सीमा में यमुना में तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी बह रहा

# खेतों से होकर बह रहा है यमुना नदी में पानी

### हथिनी कुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा, जलस्तर लगातार बढ़ रहा

- गांव सनौली की गोशाला पूरी तरह से पानी में डूबी
- ग्रामीणों से रात में बाहर ना निकलने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पहाड़ों में हो रही लगातार बरसात के कारण हथिनी कुंड बैराज से यमुना नदी में लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। इसके चलते यमुना का जल स्तर लगातार बढ रहा है। वहीं, मंगलवार की शाम को पानीपत जिला की सीमा में यमुना में तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी बह रहा है। यमुना का जलस्तर बढ जाने के कारण नदी से लगते खेतों से भी पानी बह रहा है। गांव सनौली की गौशाला पूरी तरह से पानी में डूब गई है।

जबकि गौशाला के गौधन को सुरक्षित जगहों पर भिजवाया गया है। इधर, यमुना नदी किनारे बसे गांव बबैल, नवादा आर, नवादा पार, नंगला आर, नंगला पार, तमाशाबाद, पत्थरगढ़, गढी बेसक, मिर्जापुर, राणा माजरा, हथवाला, राक्सेहडा, गोयला कलां, गोयला खुर्द, बिलासपुर, आट्टा आदि में निवास कर रहे ग्रामीणों को चेताया गया है कि वे रात के समय गांव से बाहर ना निकले और खेतों में बने डेरों को खोली कर अपने पशुओं को गांव में ले आए। गांव में ठीकरी पेहरा लगाए।



**पानीपत।** यमुना नदी के पानी में डूबी गोशाला।

#### आदेश जारी

### प्रशासन ने अवकाश रद्द किए

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने पांच सितंबर तक सभी विभाग अध्यक्षों को जिला मुख्यालय नहीं छोडने के आदेश दिए है। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारी भी यमुना के जलस्तर पर, तटबंधों पर कडी नजर रखें हुए है। गैंगमैन यमुना किनारे गश्त कर पल पल की रिपोर्ट जिला मुख्यालय को दे रहे है।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद करें सरकार

पानीपत। सीपीआई की हरियाणा राज्य कौंसिल ने बाढ़ एवं भयंकर बारिश से प्रभावित किसानों, खेत मजदूरों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने, उन्हें सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग केंद्र व प्रदेश सरकारां की की है। सीपीआई के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप व राज्य कार्यकारिणी के सदस्य का.पवन सैनी एडवोकेट ने कहा कि सीपीआई भी बाढ पीडितों का हर संभव सहयोग करेगी।

### तटबंधों में बने चूहों के बिलों से रिस रहा पानी

यमुना नगदी किनारे बसे कई गांवों में बने तटबंध से पानी रिस रहा है, इसका मुख्य कारण तटबंध में बने चूहों के बिल है। इनकी मरम्मत करवाई जा रही है। जबकि पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। बाढ जैसे हालत से निपटने के लिए रेत से भरे कट्टे तैयार करवाए जा रहे है, विकट हालात में ताकि लोगों को किसी प्रकार की सुविधाओं का सामना न करना पड़े।



**पानीतप।** यमुना नदी में बहता पानी।



पानीपत। गुरुद्वारा इसराना साहिब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री ले जाते हुए।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए किसान

पंजाब में बाढ से पीडित लोगों की मदद के लिए पानीपत जिला के अधिकतर गांवों में किसान राशन एकत्र कर रहे है। वहीं ग्रामीणों से एकत्र किया जा रहा राशन ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार कर बाढ पीडितों को भिजवाया जा रहा है। दूसरी ओर, इसराना खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत सामग्री जुटानी शुरू कर दी है। वहीं, खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब के सेवादार खालसा दलविंद्र सिंह ने कहा कि सामर्थ लोगों को बाढ पीडितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।



**पानीपत।** यमुना नदी के तटबंधों को मजबूत करने में जुटे श्रमिक।

# कुरीतियां त्यागने का संदेश देती है सुगंध दशमी

- जैन धर्म अनुयायियों ने हजारों की संख्या में वर्षा के बीच जोत नगर भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, जैन मोहल्ला में दसलक्षण पर्व के छठे दिवस मंगलवार को सुगंध दशमी का त्यौहार, उत्तम संयम धर्म के रूप में धूमधाम से मनाया गया। वहीं, सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान के चरणों में धूप अर्पित की गई। वहीं श्री दिगंबर जैन चन्द्रप्रभ मंदिर में भी पंच मेरु विधान विशेष रुप आयोजित हुआ। इधर, सचिव मनोज जैन ने बताया कि मंदिरों में श्री 1008 शीतल नाथ भगवान का पूजन हुआ और श्री 1008 चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में पंच मेरु विधान आयोजन के साथ नवीन रजत के पंचमेरू की स्थापना की गई। वहीं, स्थापना करने का सौभाग्य सुरेंद्र जैन, कपिल जैन परिवार को, रजत पुष्प वृष्टि करने का सौभाग्य ममता जैन, सुनील जैन परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं, मंदिर प्रबंधक पुनीत जैन ने बताया कि धूप दशमी हमें कुरीतियों का त्याग करने का संदेश देती है। इधर, अधिवक्ता मेहुल जैन ने बताया कि पानीपत जैन समाज के द्वारा लगभग ढाई सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन परंपरा परंपराएं आज भी निभाई जाती हैं। वहीं, सुगंध दशमी के पावन अवसर पर महाआरती यानि जोत नगर भ्रमण, बैंड बाजों के साथ महा आरती श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर श्री दिगंबर जैन नेमीनाथ मंदिर मेन बाजार में पहुंची।

इस शुभ अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुनील जैन, उपाध्यक्ष सुरेश जैन, सचिव मनोज जैन, प्रबंधक पुनीत जैन, कोषाध्यक्ष सुशील जैन, कुलदीप जैन, रूलियाराम जैन, दिनेश जैन, राजेश जैन, मुकेश जैन, संजय जैन, दिनेश जैन गोरा, विभोर जैन, प्रवीन जैन, आदि मौजूद रहे



**पानीपत।** जैन धर्म अनुयायी सुगंध दशमी पर जोत नगर भ्रमण करते हुए।

# शिविर में स्वास्थ्य के प्रति गर्भवती महिलाओं को किया जागरूक

- क्रायोवीवा लाइफसाइंसेस द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

द किडनी अस्पताल में प्रसूताओं के लिए हर तीन महीने में एक बार क्रायोवीवा लाइफसाइंसेस द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। वहीं शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ मार्गदर्शन, फिजियोथेरेपिस्ट की सलाह, प्रसवोत्तर शिशु देखभाल, स्तनपान विशेषज्ञ मार्गदर्शन तथा स्टेम सेल बैंकिंग के लाभों और महत्व के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे अपने और अपने बच्चे के भविष्य के स्वास्थ्य को सुरक्षित रख सकें। इधर, द किडनी अस्पताल की निदेशिका डॉ. मनीषा मान कादयान, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. तारीनी मिगलानी और आहार विशेषज्ञ रितु राठी विशेषज्ञ रविकांत, कुलदीप ने गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया। अस्पताल की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दीप्ति जैन ने बताया कि अभिभावक इस विषय पर अधिक जानकारी के लिए किडनी अस्पताल से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर अस्पताल की नर्सिंग सुपरवाइजर पूजा राठी, तनु, प्रीति धीर, साक्षी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय सहयोग दिया।



**पानीपत।** द किडनी अस्पताल में प्रसूताओं को जगारूक करते चिकित्सक आदि।



**पानीपत।** इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की पदाधिकारी, पुरस्कृत बच्चों के साथ।

### इन्नर व्हील क्लब ने राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

**पानीपत।** इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर शिव नगर स्थित पुनर्वास केंद्र में दो दिवसीय स्पोर्टस मीट का आयोजन किया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इधर, बच्चों ने उत्साहपूर्वक इनडोर और आउटडोर दोनों प्रकार के खेल खेलें और शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। क्लब अध्यक्ष रूपाली चोपड़ा ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। जैसे शिक्षा जीवन में जरूरी है वैसे ही खेल भी उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। इस अवसर पर क्लब पूर्व प्रधान मुक्ता नागपाल, सदस्य अधिवक्ता पद्मा शर्मा व क्लब संपादिका श्वेता मिगलानी आदि मौजूद रहे।

### छात्रों व श्रमिकों को नशे के विरूद्ध

**समालखा।** पानीपत पुलिस विभाग में तैनात एएसआई जगपाल सिंह ने कहा कि व्यक्ति को सकारात्मक विचारों से प्रेरणा लेकर स्वयं नशा छोड़ते हुए दूसरों को भी नशा से मुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प लेना चाहिए। सिंह मंगलवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव मान्डी तथा गणपति सपेन टैक्स इंडस्ट्रीज गांव नामुन्डा में जाकर विद्यार्थियों और इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई। एएसआई जगपाल ने कहा नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण युवा वर्ग तेजी से मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में आ रहा है।



**पानीपत।** आर्य स्कूल के विजेता खिलाडी प्रसन्न मुद्रा में।

### सीबीएसई नॉर्थ जोन गेम्स में छाया आर्य स्कूल

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में देव और मिशु का स्वागत किया गया। वहीं, सीबीएसई नॉर्थ जोन गेम्स में देव ने अंडर 16 शॉट पुट गेम में गोल्ड मेडल 15.90 मीटर और अंडर 17 में शॉट फुल गेम में सिल्वर मेडल 15.45 मीटर हासिल किया है। वहीं, विद्यालय के दूसरे छात्र में मिशू ने अंडर-19 शॉट पुट गेम में सिल्वर मेडल 11.50 मीटर हासिल किया है इसके अलावा दूसरे गेम में भी विद्यालय के बच्चे स्टेट लेवल पर क्वालीफाई कर चुके हैं। विद्यालय के प्रधान वीरेंद्र आर्य व प्रबंधक रामपाल जागलान ने बताया कि आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निरंतर खेलों में बच्चों के विकास के लिए कार्य कर रहा है। विद्यालय की कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान व प्राचार्य मनीष घणघस ने विजेता खिलाडियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया और पीटीआई सुरजीत को बधाई दी।

### स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें विद्यार्थीः डॉ शशि

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा गृहविज्ञान के विद्यार्थियों के लिए डॉ. सीमा के निर्देशन में समय-समय पर विभिन्न शिक्षण व रोजगारन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जिनका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सीखने, स्वमूल्यांकन करने के साथ-साथ उनमे कौशलता की वृद्धि करने, स्वरोजगार अपनाने व प्रतियोगिता की भावना विकसित करने के अनुकूल अवसर प्रदान करना है। वहीं, कॉलेज के गृहविज्ञान विभाग द्वारा कार्यशाला के दूसरे दिन पॉट पेंटिंग के अंतर्गत मिट्टी का करवा व दिए पेंटिंग सिखाए गए। सभी विद्यार्थियों ने करवा चौथ के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए विभिन्न तरीके से करवा अपनी माताजी को उपहार देने के लिए सजाएं। प्रबंधन समिति के महासचिव एलएन मिगलानी ने कहा कि इस तरह के रोजगारन्मुखी कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करे है। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तिगत, व्यावसायिक और शैक्षिणिक विकास के लिए महाविद्यालय विभिन्न कार्यशालाओं व संस्थागत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। पीडिलाइट फेविक्रिल कंपनी की मुख्य प्रशिक्षिका अलका जैन ने विभिन्न तरीके से करवा व दीए सजाना सिखाया। कार्यक्रम में डॉ. नीलम, डॉ. अर्पणा गर्ग, डॉ. सुनीता ढांडा व डॉ. निधि अन्य प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया ।

## आर्य कॉलेज में अंतर महाविद्यालय काव्य पाठ व भाषण प्रतियोगिता

# दुनिया को मानवता का संदेश देता है साहित्य

> जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ, इसके भयंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय मे हिन्दी साहित्य परिषद द्वारा अंर्तमहाविद्यालय स्तर पर हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें काव्यपाठ और भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी के मन को मोह लिया।

वहीं, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इधर, प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने बताया कि 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों की तार्किक एवं रचनात्मक समझ का विकास व प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में इंटर कॉलेज स्तर पर हिन्दी पखवाड़े में भाग लेत हुए विद्यार्थी।

#### प्रीति रही प्रथम

इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्रो. विजय सिंह ने बताया कि काव्य पाठ में बीए प्रथम वर्ष से प्रीति ने प्रथम, विन्नी ने द्वितीय व मंजु ने तृतीय स्थान हासिल किया। वही बीजेएमसी प्रथम वर्ष से अंजलि ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। जबकि भाषण में एम कॉम प्रथम वर्ष से दिव्या ने पहला, बीए प्रथम वर्ष से मीनू ने दूसरा, बीए द्वितीय वर्ष से मुस्कान ने तीसरा स्थान हासिल किया। वही बीए तृतीय वर्ष के प्रियांशु ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। इस अवसर पर गोपाल मलिक, डॉ शालिनी, कविता मलिक आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस अलर्ट मोड परः भूपेंद्र सिंह

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह की कमान में पानीपत पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए अलर्ट मोड में है। अपराध की सूचना पर त्वरित व स्टीक कार्रवाई के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों की टीम तैनात की गई।

इसी के साथ सीलिंग प्लान में बदलाव कर नए सिरे से नाकेबंदी प्लान बनाकर नाकाबंदी करवा चेकिंग करवाई जा रही है। एसपी भूपेंद्र सिंह ने मंगलवार को जिला सचिवालय परिसर में कंट्रोल रूम में तैनात सभी अधिकारियों की कार्यशैली को परखा और दिशा निर्देश दिए।

**न्यायालय तहसीलदार- कम सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री लीला राम निवासी मकान नम्बर 570/7, अमर भवन चौक, गुज्जरा वाला मोहल्ला, तहसील व जिला पानीपत।

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री लीला राम निवासी मकान नम्बर 570/7, अमर भवन चौक, गुज्जरा वाला मोहल्ला, तहसील व जिला पानीपत का स्थाई निवासी है। लेट श्रीमति शीला रानी पत्नी श्री लीला राम की मृत्यु दिनांक 10/04/2025 को हो चुकी है। यह कि लेट श्रीमति शीला रानी पत्नी श्री लीला राम की मृत्यु उपरान्त निम्नलिखित वारिस इस प्रकार हैः- 1. श्री किशोर कुमार पुत्र, 2. श्री महेन्द्र कुमार सलूजा पुत्र, 3. श्री प्रेम कुमार पुत्र व 4. श्री सुनीता पुत्री लेट श्रीमति शीला रानी पत्नी श्री लीला राम है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। सुभाष पटवारी व नवल जिन्दल नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर 9 द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है। इसके इलावा अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यत से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर - अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा ।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 2/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार -कम-सब रजिस्टार, पानीपत।

**न्यायालय श्री मनदीप कुमार, एच.सी.एस. उपमण्डल अधिकारी (ना०) एवं कलैक्टर पानीपत।**

अनुवान

ग्राम पंचायत रजापुर द्वारा सरपंच श्रीमती कलजीन्द्र कौर।

....प्रार्थी

बनाम

1. बलविन्द्र सिंह 2. श्री जसविन्द्र सिंह पुत्रगण श्री जरनेल सिंह निवासीगण गांव रजापुर तहसील व जिला पानीपत।

....उत्तरवादीगण

प्रार्थी ग्राम पंचायत रजापुर द्वारा सरपंच श्रीमती कलजीन्द्र कौर ने अपने कौंसल के माध्यम से एक दरखास्त बाबत भूमि खेवट न0. 593 खसरा नम्बर-97, रकबा 8 कनाल 10 मरला स्थित गांव रजापुर से उतरवादीगण को बेदखल करने व दरखास्त अधीन धारा 7 पंजाब कॉमन लैण्ड एक्ट के तहत उतरवादीगण को बेदखल करने बारे व मु0-5,000/- रूपये प्रति माह हर्जाना लगाने बारे इस न्यायालय में दायर की है। उत्तरवादीगण की तामिल नहीं हो पा रही है, जिस कारण उतरवादीगण को साधारण नोटिस द्वारा तामिल नहीं करवाया जा सकता। अतः सम्बन्धित उत्तरवादीगण को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे असालतन/वकालतन निम्नहस्ताक्षरी के न्यायालय में दिनांक 18.09.2025 को पेश होवें। इस इश्तहार के माध्यम से हिदायत की जाती है कि उतरवादीगण द्वारा निश्चित तारीख पेशी पर न्यायालय में पेश ना होने की सूरत में उनके विरूद्ध नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। इश्तहार पर आने वाला खर्च प्रार्थी स्वयं करेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर सहित जारी किया गया।

हस्ता/- उपमंडल अधिकारी (ना.) एवं, कलैक्टर, पानीपत

**खबर संक्षेप**



## कस्बे में रोज बढ़ रहा बंदरों का आंतक

**मुलाना।** कस्बे में बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। आए दिन कस्बे में बंदरों के हमले होने के मामले सामने आ रहे है लेकिन प्रशासन बेखबर है। मंगलवार की सुबह पुरानी अनाज मंडी में बंदरों ने एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, बताया जा रहा है कि अब घायल महिला निजी अस्पताल से अपना उपचार करा रही है। मंगलवार की सुबह बुजुर्ग महिला मंडी की गली से निकल रही थी। तभी अचानक बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। एक बंदर ने उन्हें बुरी तरह काट लिया।

- बुजुर्ग महिला अस्पताल में उपचाराधीन

## लॉर्ड कृष्णा कॉलेज में उद्यमिता दिवस मनाया

**बराड़ा।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में उद्यमिता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रबंधक राजकुमार सांगवान तथा कॉलेज सचिव रमेश सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## सुखपाल स्कूल ने खेल में साबित की श्रेष्ठता

**बराड़ा।** सुखपाल स्कूल उगाला ने एक बार फिर शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी अपनी श्रेष्ठता साबित की है। विद्यालय के खिलाड़ियों ने सत्र 2025-26 के जिला स्तरीय खेल आयोजनों में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रवेश हासिल किया है। विद्यालय के लक्ष्य, आदित्य, हर्ष व आरना का चयन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है।

## राजकीय कॉलेज में अल्बेंडाजोल खिलाई

**शहजादपुर।** राजकीय कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 18 वर्ष तक के सभी किशोर-किशोरियों को अल्बेंडाजोल की गोली देकर कृमि से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में काउंसलर निराना अवाम तथा राहुल चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## एनकोर्ड समिति की बैठक आयोजित

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार व नगराधीश अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति की बैठक आयोजित कि गई। बैठक मे उन्होंने जिलें में नशे पर रोक लगाने के दृष्टिगत किए जा रहे कार्यों बारे विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज ही वास्तव में स्वस्थ और समृद्ध समाज की पहचान है।

# बरसाती नदियों मे जलस्तर खतरे के निशान से नीचे

- एसडीएम शिवजीत भारती ने मारकंडा नदी का किया मुआयना, ग्रामीणों को बरसाती नदियों से दूर रहने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

पहाड़ों पर हो रही बरसात की वजह से बरसाती नदियों में निरंतर पानी आ रहा है। बेशक पानी खतरे के निशान से नीचे है लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण दहशत में है। खासकर प्रशासन की ओर से नदियों के बहाव पर नजर रखी जा रही है। नारायणग़ की एसडीएम शिवजीत भारती ने मंगलवार को भी बरसाती नदियों में आ रहे पानी का जायजा लिया। मौसम को देखते हुए उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि है कि वे वर्षा के दौरान नदियों के पानी से दूरी बनाकर रखें। नदियों के पास न जाएं। नदी में प्रवेश करके अपना जीवन संकट में न डाले। एसडीएम ने मंगलवार को यहां से गुजरने वाली नदियों एवं पुलों का निरीक्षण किया। उन्होंने नारायणगढ़-साढौरा रोड वाया अंबली मार्ग पर स्थित मारकंडा नदी के पुल का निरीक्षण किया और नदी में जल प्रवाह का जायजा लिया। इस दौरान बीडीपीओ जोगेश कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से गुजरने वाली अधिकतर नाले तथा नदियां हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों से शुरू होकर यहां से निकलती हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में बारिस होने पर उनमें पानी अचानक बढ जाता है इसलिए पानी के दौरान एवं बारिश के दौरान नदियों में जाने से एहतियात बरतें। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा क्षेत्र से गुजरने वाली विभिन्न नदियों के पानी के बहाव पर नजर रखी जा रही है। इस बारे में सिंचाई विभाग, पटवारी, ग्राम सचिव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने ने बीडीपीओ व तहसीलदार, पीडबल्यूडी तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बारिश के दौरान हाई अलर्ट पर रहने और अपने फील्ड स्टाफ को सरपंचों के साथ नियमित रूप से संपर्क में रहने और रिपोंट अपडेट करने के भी निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अधिकारियों को बारिश के दौरान पानी की निकासी के उचित प्रबंध करने के आदेश दिए हैं ताकि लोगों को पानी के जमाव का सामना न करना पडे। एसडीएम द्वारा शहर में साफ-सफाई एवं पानी की निकासी के लिए नगरपालिका प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। गांवों में इस कार्य के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसके अलावा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे बारिश के दौरान पानी का जमाव न हो। पानी की निकासी के सभी इंतजाम पूरे रखें। नदियों में पानी के बहाव पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

### ग्रामीणों में दहशत, अफसर रख रहे हैं नजर

बरसात के मौसम में संभावित बाढ़ एवं जलभराव से निपटने के लिए तहसील कार्यालय में फ्लड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका हेल्पलाइन नंबर 01734-284002 है। कोई भी व्यक्ति जलभराव, बाढ़ या अन्य आपात स्थिति में तुरंत इस नंबर पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए बिजली निगम के अधिकारी बिजली की उपलब्धता अनुसार बेहतर आपूर्ति करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को कम से कम बिजली की समस्या का सामना करना पडे।शिवालिक जल सेवाएं उप मंडल (सिंचाई विभाग) की एसडीओ शिखा बंसल ने बताया कि बारिश के दौरान नदियों में नेचुरली पानी आता है। कालाअंब में मारकंडा नदी में दोपहर 12 बजे गेज 1.50 मीटर पर 7036 क्यूसिक पानी डिस्चार्ज था। कालाअंब में फिलहाल पानी का लेवल कम हो रहा है। लाहा नदी में दोपहर 12 बजे गेज 0.40 मीटर डिस्चार्ज था 750 क्यूसिक पानी था। इसी प्रकार सुबह 11.46 बजे बेगना में गेज 1.30 मीटर डिस्चार्ज था। जबकि यहां 14321.74 क्यूसिक पानी दर्ज किया गया। रूण नदी में शाहपुर क्षेत्र दोपहर 12 बजे गेज 1 मीटर पानी, डिस्चार्ज 4237 था।



**शहजादपुर।** मारकंडा नदी में पानी के प्रवाह का जायजा लेती एसडीएम शिवजीत भारती।

## बरसात की वजह से जंडली पुल की सड़क धंसी

रिहायशी कॉलोनियों में हुए फिर जलभराव

# बरसात से जीवन बुरी तरह प्रभावित ट्रांसपोर्ट कारोबार को भारी नुकसान

*लंबे जाम से वाहन चालक परेशान, डीसी ऑफिस के परिसर में भारी जलभराव*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पिछले दो दिनों से हो रही बरसात की वजह से जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित है। लगातार बारिश से जगह-जगह पानी भर गया। अंबाला शहर के जंडली पुल पर सड़क धंस गई। यहां गहरा गड्ढा बन गया। इस वजह से अंबाला छावनी से शहर की ओर जाने वाले वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। अब यहां लंबा जाम लग रहा है। बरसात की वजह से अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जबकि न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बरसात की वजह से अंबाला शहर में ज्यादातर रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया है। अंबाला शहर के मॉडल टाउन के पास सड़क पर भारी पानी जमा हो गया। यहां लोगों को निकलने में दिक्कत आ रही है। इसी तरह शहर के कपड़ा मार्केट, रामबाग रोड, शुक्लकुंड रोड, अग्रसेन चौक, मानव चौक, प्रेम नगर, जैन नगर, टीबी अस्पताल रोड, अंबिका देवी मंदिर रोड, जंडली पुल के पास, पुलिस लाइन, जगाधरी गेट के पास भी जलभराव के हालात बने हुए हैं।

### डीसी ऑफिस में भी जलभराव

बरसात की वजह से अंबाला शहर स्थित डीसी ऑफिस परिसर में भी जलभराव की स्थिति है। यहां पानी निकालने के लिए दो पंप निरंतर चल रहे हैं। इसके बावजूद डीसी ऑफिस के बाहर परिसर में भारी जलभराव है। डीसी की गाड़ी भी मंगलवार को पानी में







**अंबाला।** जंडली पुल की धंसी सड़क व बरसात के बाद जलभराव का दृश्य।

### बाल बाल बचा परिवार

लदाना गांव में एक मकान की छत गिर गई। हादसे के वक्त परिवार के सदस्य मकान में नीचे ही बैठे थे। आसपास के लोगों ने परिवार को बाहर निकाला। हादसे में घायल बुजुर्ग महिला को डाक्टर के पास ले जाया गया। महिला को हल्की चोटें आई हैं। चमनलाल ने बताया कि उनके मकान की हालत जर्जर है। लगातार हो रही बारिश के बाद दोपहर को वह छत पर तिरपाल बिछाने के लिए चढ़े थे। मकान में नीचे उनकी माता लाभ कौर और भांजा शिव कुमार बैठे थे। इस दौरान अचानक कमरे की कच्ची छत गिर गई और वह भी ऊपर से नीचे गिर गए। जिससे उनको भी चोट आई है। मकान गिरने की सूचना मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत सिंह मौके पर पहुंचे और परिवार का हाल जाना।

### आपदा से कारोबार प्रभावित

पहाड़ों में हो रही बरसात की वजह से कारोबारी बेहद परेशान हैं। इसका सबसे ज्यादा असर ट्रांसपोर्ट कारोबार पर पड़ रहा है। कारोबारियों की मानें तो उनके ट्रक आपदा के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इससे हरियाणा के व्यापारियों का सामान पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर नहीं पहुंच पा रहा है। पंजाब के लुधियाना में बनने वाली साइकिल दूसरे राज्यों तक नहीं पहुंच रहीं है। ये साइकिलें अंबाला के ट्रांसपोर्ट कारोबारी अपनी ट्रकों में लेकर आते हैं। उन्हें अन्य राज्यों तक पहुंचाते हैं। पिछले चार दिनों से आपदाओं के कारण ट्रकों का आवागमन नहीं होने से इसका असर कारोबार पर पड़ रहा है । इसी प्रकार जम्मू कश्मीर को यहां से साबुन तेल व अन्य सामान भेजा जाता है। वहां से ड्राई फ्रूट लेकर आते हैं तो वह भी नहीं आ पा रहा है।

### गोदामों में भरा पानी

अंबाला छावनी के औद्योगिक क्षेत्र में टांगरी नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रभु प्रेम पुरम और आसपास बनी कॉलोनियों में चलने वाली फैक्टरियों के कुछ गोदामों में पानी चला गया है। इससे वहां रखे सामान का नुकसान पहुंचा है। 2023 में बाढ़ जैसे हालात बनने पर औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरियों में पानी भरने से उद्योग संचालकों को करीब 500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। उनका कहना है कि उस नुकसान की भरपाई अब तक नहीं हो सकी है। बाढ़ का पानी निकल जाने के बाद औद्योगिक क्षेत्र के पीछे की दीवार बनवाना और पाइप लाइन डालने जैसे यहां बड़े कार्यों की घोषणा की गई थी पर ये काम अभी तक शुरू नहीं हुए।

## राजकीय महाविद्यालय में कलाधारा थियेटर से जुड़े कलाकारों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान कमेटी द्वारा कलाधारा थियेटर ग्रुप के साथ पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा के दिशानिर्देश पर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल प्रो. अजय चौहान को कला धारा ग्रुप के द्वारा महाविद्यालय परिसर हेतु पौधा भेंट किया गया। वाइस प्रिंसिपल ने डॉ. अतुल यादव , डॉ. पूनम राजोरा की पूरी टीम एवं कला धारा ग्रुप के सदस्यों के साथ महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया । सरकार की इस पहल का समर्थन करते हुए वाइस प्रिंसिपल ने विद्याथिओ को नशा मुक्ति अभियान से बड़ी संख्या मे जुड़ने और किसी भी तरह के नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन नशा मुक्ति अभियान की नोडल ऑफिसर डॉ. पूनम राजौरा एवं आयोजन समिति के सदस्य प्रो. नेहा रानी, डॉ. उमा शशि, डॉ. श्रुति सिंह, डॉ. नीलम रानी, डॉ मनजीत कौर प्रो. समीक्षा, प्रो. नीरु भाटिया, डॉ. रितेश प्रो. इंदेश अग्रवाल के विशेष योगदान से किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सरकार की इस मुहिम से ऑनलाइन पोर्टल पर खुद को जोड़ा है। वाइस प्रिंसिपल ने कलाधारा ग्रुप की इस अभियान से जुड़ने पर विशेष सराहना की ।



**अंबाला।** राजकीय महाविद्यालय में पौधरोपण करते कलाधारा थियेटर से जुड़े कलाकार।

## ऐतिहासिक भगवान वामन द्वादशी मेला शुरू

**अंबाला।** ऐतिहासिक तीन दिवसीय भगवान वामन द्वादशी मेले का शुभारंभ हो गया। मेले की शुरुआत शोभायात्रा से हुई। इस दौरान पांच मंदिरों से निकले हिंडोले पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में विराजमान हो गए। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले के दौरान विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को पहला हिंडोला बड़े ठाकुरद्वारा नौरंगराय सरोवर से, दूसरा राधा कृष्ण मंदिर से, दो हिंडोले कलाल माजरी से और पांचवां नौहरियान मंदिर से शोभायात्रा के साथ पुरानी अनाज मंडी पहुंचा। इस दौरान हिंडोलों को कंधा देने के लिए श्रद्धालुओं में भारी होड़ दिखी। मुख्यमंत्री नायब सैनी भी रात को इस समारोह में हिस्सेदारी करेंगे। साथ ही पंजाबी गायक हरभजन मान भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। श्री सनातन धर्म सभा अंबाला शहर इस तीन दिवसीय मेले को पिछले लगभग 125 वर्षों से निरंतर आयोजित करती आ रही है। यह मेला सभा के अध्यक्ष एवं मेला संयोजक नरेश अग्रवाल की देखरेख में आयोजित हो रहा।

- अनाजमंडी में विराजमान हुए हिंडोले

## राइस मिलर्स एसो. की कमान भूपिंद्र कालड़ा को, गवर्निंग कमेटी भी गठित



**मुलाना।** नवनिर्वाचित प्रधान भूपिंदर कालड़ा और एसोसिएशन सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

राइस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से भूपिंदर कालड़ा को प्रधान चुना गया। इसमें मौजूद सदस्यों ने उन्हें पुष्प मालाएं पहनाकर बधाई दी । इसी क्रम में गवर्निंग कमेटी का गठन भी किया गया जिसमें अश्विंदर सिंह, हार्दिक गोयल, अशोक कुमार मित्तल, सचिन जिंदल और सतनाम सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया। नव-निर्वाचित प्रधान भूपिंदर कालड़ा ने कहा कि एसोसिएशन ने जो विश्वास उन पर जताया है वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि राइस मिलर्स की समस्याओं के समाधान और उद्योग को नई दिशा देने के लिए वे पूरी टीम के साथ मिलकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन से जुड़े सदस्यों ने नई टीम को बधाई दी। विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा।

## वकीलों के तेवर तल्ख, पुलिस के खिलाफ डीसी ऑफिस तक किया रोष मार्च

- वकीलों ने एसपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी
- बार एसो. के वरिष्ठ सदस्य के खिलाफ दर्ज केस को खारिज करने की मांग पर अड़े वकील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट संजीव मोहन लिब्राहन के खिलाफ दर्ज केस को लेकर वकीलों व पुलिस के बीच टकराव की गंभीर स्थिति बन गई है। एडवोकेट संजीव मोहन लिब्राहन के खिलाफ दर्ज केस को लेकर वकील पिछले आठ दिनों से हड़ताल पर हैं। अब वकीलों ने तब तक हड़ताल पर जाने का ऐलान किया जब तक यह केस खारिज नहीं होता। मंगलवार को डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन की ओर से एक बार फिर पूरे सदन की मीटिंग बुलाई गई। इसमें सभी वकीलों से विचार विमर्श किया। इसके साथ ही वकीलों ने मामले को लेकर सीएम नायब सैनी भी मुलाकात करने का निर्णय लिया। इसके विरोध में बुधवार को हरियाणा व पंजाब के साथ चंडीगढ़ में भी वकील हड़ताल पर जाएंगे। मीटिंग के बाद एकजुट वकीलों ने डीसी ऑफिस तक मार्च किया। यहां उन्होंने डीसी से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन भी दिया। इस दौरान वकीलों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही एसपी को होश में आने का सुझाव भी दिया। वकीलों ने कहा कि जब तक यह केस खारिज नहीं होता तब तक कोर्ट में वर्क सस्पेंड रहेगा। उन्होंने कहा कि अदालत तो इस मामले में उन्हें सहयोग कर रही है लेकिन पुलिस सियासी दबाव में केस खारिज नहीं कर रही। उन्होंने बताया कि एडवोकेट संजीव मोहन लिब्राहन के खिलाफ पुलिस ने सियासी दबाव में झूठा केस दर्ज किया है। वकील ऐसे केसों से दबाव में नहीं आने वाले हैं। पूर्व प्रधान डीएस पुनिया ने कहा कि इस मामले में वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल सीएम नायब सैनी से मुलाकात करेगा। जरुरत पड़ी तो परिवहन एवं उर्जा मंत्री अनिल विज से भी मुलाकात की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस को मामले की गंभीरता समझनी चाहिए। अन्यथा तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे।



**अंबाला।** पुलिस के खिलाफ रोष मार्च के दौरान नारेबाजी करते पूर्व प्रधान एडवोकेट रोहित जैन व अन्य।

### पुलिस के रवैये पर जताई नाराजगी

डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के प्रधान सतपाल सिंह ने बताया कि पिछले आठ दिनों में एडवोकेट संजीव मोहन लिब्राहन के खिलाफ दर्ज केस को लेकर पुलिस से कई स्तर पर बातचीत हो चुकी है। पर अभी तक पुलिस ने केस खारिज करने को लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। उन्होंने कहा कि एसपी से भी मुलाकात हो चुकी लेकिन वे हर बार झूठे आश्वासन दे रहे हैं। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि केस को खारिज करवाने के लिए सभी वकीलों को हड़ताल के नियमों की सख्ती से पालना करनी होगी। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस पर दबाव नहीं बनेगा तब तक केस खारिज नहीं होगा।

## स्वास्थ्य कारणों से चानना ने दिया इस्तीफा राइस मिलर्स एसो. के प्रधान बने विशाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

क्षेत्र के निजी चावल मिल मालिकों की बैठक अनाज मंडी में संपन्न हुई। इस दौरान राइस मिलर्स के प्रधान ओम प्रकाश चानना ने स्वास्थ्य कारणों के चलते स्वेच्छा से अपने प्रधान पद से इस्तीफा दे दिया। सभी मिल मालिकों ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। बाद में ओम प्रकाश चानना की ही अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में निजी चावल मिल मालिक विशाल अरोड़ा को सर्व सम्मति से राईस मिलर्स एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। सभी राईस मिलर्स ने उन्हें अपनी कार्यकारिणी गठित करने का अधिकार भी दे दिया। प्रधान चुने जाने के बाद विशाल अरोड़ा ने कहा कि वे राइस मिलर्स के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। क्षेत्र में लगभग 24 निजी चावल मिलें हैं। बैठक में अशोक कालड़ा, राहुल गर्ग, अश्वनी अग्रवाल, रवीश बुद्धिराजा, सचिन गर्ग, रघुबीर चानना सहित अनेकों चावल मिल मालिक उपस्थित रहे।



**नारायणगढ़।** राइस मिलर्स के साथ नवनिर्वाचित प्रधान विशाल अरोड़ा।

### छात्र भविष्य में बन सकें अच्छे पेशेवर और जिम्मेदार नागरिकः आनंद

# विद्यार्थियों को मूल्य आधारित शिक्षा दें शिक्षक

- डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की ओर से आयोजित हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में मूल्य शिक्षा पर संगोष्ठी ज्ञान के साथ संस्कार का संगम ही सच्ची शिक्षा" में 53 शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, पंचकूला के तत्वावधान में इस एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अंबाला और आसपास के विभिन्न विद्यालयों से आए 53 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संगोष्ठी का संचालन बेहद जीवंत और संवादात्मक रहा। संसाधन व्यक्तियों ने पारंपरिक व्याख्यान पद्धति से हटकर शिक्षकों को गतिविधियों के माध्यम से जोड़ा। कहानी–कथन, रोल–प्ले, समूह चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र और अनुभव–साझाकरण जैसी गतिविधियों ने शिक्षकों को न केवल सोचने पर मजबूर किया बल्कि उन्हें कक्षा में अपनाए जा सकने वाले व्यावहारिक उपाय भी दिए। इन गतिविधियों ने यह स्पष्ट किया कि यदि शिक्षा में मूल्यों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया जाए तो विद्यार्थी उन्हें सहज ही आत्मसात कर सकते हैं। मुख्य संसाधन व्यक्ति ईशा आनंद ने अपने समृद्ध अनुभव और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं में योगदान की झलक सांझा करते हुए बताया कि शिक्षक ही वह माध्यम हैं जो आने वाली पीढ़ी को न केवल शिक्षित बल्कि संस्कारित भी कर सकते हैं।



**अंबाला।** संगोष्ठी में हिस्सा लेते विभिन्न स्कूलों के शिक्षक।

### सीए एसके खन्ना ने अपने अनुभव किए सांझा

ईशा आनंद ने कई उदाहरणों और गतिविधियों के ज़रिए दिखाया कि किस प्रकार दैनिक शिक्षण–प्रक्रिया में मूल्यों को सहज रूप से जोड़ा जा सकता है। दूसरे संसाधन व्यक्ति सीए एसके खन्ना ने अपने तीन दशक से अधिक के अनुभव को सांझा किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने या करियर बनाने का साधन नहीं है बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने का माध्यम भी है। उन्होंने शिक्षकों को यह संदेश दिया कि यदि हम विद्यार्थियों को मूल्य आधारित शिक्षा देंगे तो वे न केवल अच्छे पेशेवर बनेंगे बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधारमण सूरी ने संगोष्ठी को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, "नई शिक्षा नीति 2020 हमें केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि बच्चों में जीवन मूल्यों और संस्कारों को भी विकसित करने की प्रेरणा देती है। शिक्षक इस परिवर्तन के मूल में हैं, और ऐसी संगोष्ठियां उन्हें नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करती हैं। प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव सांझा किए। एक शिक्षक ने कहा कि "यह संगोष्ठी हमारे लिए नई ऊर्जा और सोच लेकर आई। यहां सीखी गई गतिविधियाँ निश्चित ही हमारी कक्षाओं को और जीवंत बना देंगी।